Australian Government
Department of Health and Aged Care

[प्राप्तकर्ता का नाम]
[प्राप्तकर्ता की स्ट्रीट]
[प्राप्तकर्ता का सबर्ब] [प्राप्तकर्ता का राज्य] [प्राप्तकर्ता का डाक कोड]

XX अप्रैल 2025

प्रिय XX,

## नए Support at Home कार्यक्रम के लिए तैयारी करना

मैं आपको इसलिए पत्र लिख रही हूं क्योंकि आपको वर्तमान में Home Care Package [गृह देखभाल पैकेज] के माध्यम से वृद्ध देखभाल सेवाएं प्राप्त हो रही हैं, या आप इन्हें प्राप्त करने वाले किसी व्यक्ति के अधिकृत प्रतिनिधि हैं।

ऑस्ट्रेलिया सरकार घर में वृद्ध देखभाल में बदलाव कर रही है। 1 जुलाई 2025 से आप Support at Home [घर पर समर्थन] में शामिल हो जाएंगे/गी, जो आपके लिए अपने घर और समुदाय में लंबे समय तक स्वतंत्र तरीके से रहने में आपकी सहायता के लिए डिज़ाइन किया गया एक नया कार्यक्रम है।

**Support at Home के बारे में**

Support at Home आपको स्वस्थ, सक्रिय और सामाजिक रूप से जुड़े रहने के लिए वर्तमान Home Care Packages कार्यक्रम की तरह ही सेवाएँ, उत्पाद, उपकरण और आवास में संशोधन सुलभ कराएगा। आपको मिलने वाली सेवाएं आपके आकलन, अनुमोदन और बजट पर आधारित होंगी। यदि Support at Home सूची में सेवाएँ शामिल हैं, तो आपको वही सेवाएँ प्राप्त होंगी। आपका प्रदाता आपकी आवश्यकताओं और बजट के लिए सही संयोजन में सेवाएं चुनने में आपको समर्थन देना जारी रखेगा।

Support at Home निधीकरण के लिए नए मार्ग भी सुलभ कराता है:

- पुनर्स्थापनात्मक देखभाल मार्ग, जिसमें निधीकरण को संबद्ध स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए 8 सप्ताहों की देखभाल से 12 सप्ताहों तक बढ़ाया जाएगा, ताकि आप क्षमताएँ और योग्यताएँ निर्मित कर सकें।
- जीवन-के-अंत का मार्ग, जिसमें उन लोगों को अपने अंतिम महीनों में उच्च स्तर की देखभाल मिल सके जो अपने जीवन के अंतिम चरण में हैं।
- समर्थनकारी तकनीकी (एसिस्टिव टैक्नोलॉजी) और आवास में संशोधन के लिए समर्पित निधीकरण, ताकि आपको इन सेवाओं के भुगतान के लिए अपने नियमित गृह देखभाल बजट का उपयोग न करना पड़े।

आपको अपने Home Care Package में मिलने वाले निधीकरण के स्तर पर ही यह प्राप्त होता रहेगा। Support at Home के तहत आपकी वार्षिक बजट धनराशि को **तिमाही** तरीके से प्रबंधित किया जाएगा। यदि आपके पास वर्तमान में कोई भी खर्च न की गई धनराशि है, तो वह भी आपको उपलब्ध होगी। यदि आप अपना तिमाही बजट खर्च नहीं करते/ती हैं, तो आप अगली तिमाही में अधिकतम $1,000 या 10 प्रतिशत (इनमें से जो भी अधिक हो) ले जा सकते/ती हैं।

**अगले कदम**

1 जुलाई 2025 से पहले आपके प्रदाता आपकी देखभाल योजना की समीक्षा करने, उनके नए मूल्य-निर्धारण की सूचना देने और नए कार्यक्रम के तहत देखभाल सेवाएं प्रदान करना जारी रखने के लिए एक नया सेवा अनुबंध तैयार करने के उद्देश्य से आपके साथ संपर्क करेंगे। यह एक महत्वपूर्ण चर्चा है, और आपको इसका उपयोग करना चाहिए ताकि आपको सबसे बेहतरीन समर्थन देने वाली सेवाएँ मिलना सुनिश्चित किया जा सके।

सरकार ने संरक्षण लागू किए हैं, ताकि आप उन शुल्कों की उपयुक्तता और पारदर्शिता सुनिश्चित कर सकें। Support at Home के तहत इन संरक्षणों और मूल्य-निर्धारण के बारे में और अधिक जानकारी के लिए आप यहां जा सकते/ती हैं: https://www.health.gov.au/news/new-support-at-home-pricing-guidance

Services Australia आपको पत्र लिखकर बताएगी कि आपको अपनी सेवाओं के शुल्क में कितना सह-योगदान करने की आवश्यकता हो सकती है। इसके लिए Services Australia आपकी आय और परिसंपत्ति के बारे में जानकारी मांग सकती है।

आपको Support at Home के लिए तैयार बनने में सहायता देने के लिए हमने इस पत्र के साथ एक जांचसूची शामिल की है।

**यदि मेरे पास कोई प्रश्न हैं, तो मैं कहां जा सकता/ती हूं?**

यदि आप Support at Home के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक हैं, तो कृपया यहां जाएं: myagedcare.gov.au/improving-australias-aged-care-system

आप इनसे भी संपर्क कर सकते/ती हैं:

- आपके Home Care Package प्रदाता
- Older Persons Advocacy Network (OPAN) [वृद्धजन पक्ष-समर्थन नेटवर्क] की वृद्ध देखभाल पक्ष-समर्थन लाइन को 1800 700 600 पर कॉल करके अपने अधिकारों के बारे में जानकारी और अपने प्रदाता से बात करने के लिए समर्थन का अनुरोध करें। www.opan.org.au पर जाएं।

ऑस्ट्रेलिया सरकार 1 जुलाई 2025 के करीब आने पर आपके लिए आवश्यक किसी भी अन्य जानकारी के साथ आपको फिर से पत्र भेजेगी।

भवदीया

Sonja Stewart
उप सचिव
अप्रैल 2025